स्वच्छ भारत

कार्यालय जिला पंचायत, नारायणपुर (छत्तीसगढ़)

दूरभाष :- 07781-252288 फैक्स 07781-252287, Email : ceozpnarayanpur@gmail.com

–:: संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन ::–

कमांक / 3464 / जि0पं0 / स्था. / MGNREGA / 2016–17 नारायणपुर दिनांक 09 .09.2016

छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार महात्मा गांधी नरेगा (MGNREGA) अंतर्गत स्वीकृत जिला/जनपद स्तर रिक्त संविदा पदों पर नियुक्ति हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के अर्हताधारी एवं इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए दिनांक 24.09.2016 सायं 5.00 बजे तक नियम एवं शर्तो के अधीन निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र केंवल स्पीड एवं रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से आंमत्रित किये जाते है।

पद का विवरण :–

क	पद का नाम	एकमुश्त संविदा वेतन	रिक्त पद की संख्या	अनारक्षित					अन्य पिछड़ा वर्ग					अनुसूचित जनजाति					अनुसूचित जाति				
				मुक्त	महिला	विकलांग	भू.पू.सैनिक	योग	मुक्त	महिला	विकलांग	भू.पू.सैनिक	योग	मुक्त	महिला	विकलांग	भू.पू.सैनिक	योग	मुक्त	महिला	विकलांग	भू.पू.सैनिक	योग
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21	22	23	24
1	सहायक परियोजना अधिकारी	24840.00	1	1	-	-	-	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
2	लेखापाल जिला/ जनपद स्तर	13776.00	6	1	-	-	-	1	1	-	-	-	1	3	1	-	-	4	-	-	-	-	-
योग :–			7	2	-	-	-	**2**	1	-	-	-	**1**	3	1	-	-	**4**	-	-	-	-	-

विज्ञापन की विस्तृत जानकारी नियम, शर्ते एवं आवेदन पत्र का प्रारूप आदि जिला पंचायत नारायणपुर के सूचना पटल एवं वेवसाईट www.zpnarayanpur.gov.in, narayanpur.gov.in & www.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है।

विज्ञापन की विस्तृत जानकारी, नियम एवं शर्ते :–

शैक्षणिक योग्यता एवं चयन हेतु मेरिट अंक :–

क.	पदनाम	विवरण	शैक्षणिक योग्यता एवं चयन हेतु मेरिट अंक
1	2	3	4
1	सहायक परियोजना अधिकारी	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता	प्रथम श्रेणी में स्नातकोत्तर।
			स्नातकोत्तर में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंकों का Weightage देते हुए 70 अंक।
			कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा पर 15 अंक।
		अनुभव का अंक	2. शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं में कम से कम समान वेतनमान पर कार्य अनुभव :–
			अ. न्यूनतम 01 से 02 वर्ष तक का अनुभव 05 अंक
			ब. 05 वर्ष तक का अनुभव 10 अंक।
			स. 05 वर्ष से अधिक का अनुभव 15 अंक।
2	लेखापाल	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता	1. बी. कॉम द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण।
			2. हायर सेकेण्डरी में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंकों का Weightage देते हुए 20 अंक।
			3. न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता 100 अंकों का Weightage देते हुए 50 अंक।
			कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा पर 15 अंक।
		अनुभव का अंक	2. शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं में कम से कम समान वेतनमान पर कार्य अनुभव :–
			अ. न्यूनतम 01 से 02 वर्ष तक का अनुभव 05 अंक
			ब. 05 वर्ष तक का अनुभव 10 अंक।
			स. 05 वर्ष से अधिक का अनुभव 15 अंक।

नियम व शर्ते :–

1. संविदा नियुक्ति छ.ग. शासन द्वारा जारी संविदा नियम 2012 में निहित शर्तो के अनुसार की जावेगी।
2. शासन के नियमानुसार आरक्षण रोस्टर का पालन किया गया है।

3. संविदा नियुक्ति उम्मीदवार के कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से 31.03.2017 तक के लिए होगी, तत्पश्चात् नियुक्तिकर्ता अधिकारी द्वारा कार्य योग्यता, कार्य क्षमता एवं व्यवहार तथा विभाग के आवश्यकता के आधार पर व संविदा नियुक्ति व्यक्ति की उपयुक्तता का आंकलन कर आगे बढ़ाने का निर्णय लिया जा सकेगा। संविदा नियुक्ति की अवधि की समाप्ति पर संविदा नियुक्ति स्वयंमेव समाप्त मानी जावेगी।
4. संविदा पर नियुक्त कर्मचारी को प्रत्येक कैलेण्डर वर्ष में 18 दिनों के आकस्मिक अवकाश एवं 03 दिनों के ऐच्छिक अवकाश की पात्रता होगी, वर्ष के मध्य में नियुक्ति होने अथवा सेवामुक्त होने पर आकस्मिक अवकाश की पात्रता की गणना पूर्ण महिनों के लिए अनुपातिक आधार पर किया जावेगा। गणना के अपूर्ण दिवस को आगामी पूर्ण दिवस में पूर्णाकिंत किया जावेगा।
5. संविदा नियुक्ति पद की गई नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी है, एवं बिना कारण बताए कभी भी समाप्त की जा सकती है।
6. संविदा नियुक्ति अवधि में शासन द्वारा निर्धारित संविदा वेतन देय होगा।
7. सेवा सामाप्ति के पश्चात कर्मचारी को किसी भी प्रकार की पेंशन भत्ता या अन्य राशि प्रदान नही की जावेगी।
8. अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है। समक्ष अधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न करे।
9. कमांक 02 में उल्लेखित पद हेतु केवल नारायणपुर जिले के स्थायी निवासी ही आवेदन करेगे। कमांक 01 में उल्लेखित पद हेतु राज्य स्तर से आवेदन स्वीकार किये जायेगें।
10. छ.ग. सिविल सेवा (संविदा भर्ती नियम) 2012 के अनुसार दिनांक 01.07.2016 के अनुसार न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु सीमा 37 वर्ष होना चाहिए, अजा/अजजा/अपिव/निःशक्त/भूतपूर्व सैनिक आदि के आवेदको को छ.ग. शासन प्रशासन विभाग द्वारा जारी समय–समय पर आयु सीमा में छूट संबंधी आदेश निर्देश लागु होगे।
11. आयु की गणना दिनांक 01.07.2016 के संदर्भ में की जाएगी।
12. आयु संबंधी प्रमाण पत्र के लिए सामान्यतः हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी स्कूल अथवा मैट्रिकुलेशन सर्टिफिकेट प्रमाण मान्य होगा। अन्य प्रमाण पत्र मान्य नही होंगे।
13. अजा/अजजा/अपिव के आवेदको को जाति के पुष्टि में प्राधिकृत अधिकारी तहसीलदार/अनुभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी प्रमाण पत्र की छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
14. आवेदन के साथ वांछित प्रमाण पत्रों एवं अंक सूची एवं स्वप्रमाणित होने चाहिए। वांछित प्रमाण पत्र सत्यापित नही होने पर आवेदन अमान्य कर दिया जावेगा। इसके लिए आवेदक स्वयं जिम्मेदार होगा।
15. यह नियुक्ति माननीय न्यायालय द्वारा पारित रिट पीटीशन (सी) कमांक 591/2012, 2012, 592/2012, 593/2012 एवं 594/2012 के अंतिम आदेश/निर्णय के अध्याधीन होंगी।

16. आवेदन पत्र प्रारूप के अनुसार ए–4 साईज आकार के कागज पर आवेदन करें। आवेदन पत्र पूर्ण रूप से साफ–साफ अक्षरों में भरा जाना चाहिये। आवेदन पत्र में पासपोर्ट साईज का स्वयं सत्यापित रंगीन नवीनतम फोटो चिपकाना एवं स्वयं का पता लिखा दो लिफाफा (5 रू. डाक टिकट के साथ) संलग्न करना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन एवं सीधे प्राप्त आवेदन स्वीकार्य नही होंगे।

17. प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन करना अनिवार्य होगा। लिफाफे के ऊपर एवं आवेदन पत्र में पद का नाम, जिसके लिए आवेदन किया जा रहा है, स्पष्ट उल्लेख किया जावे। अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों पर कोई विचार नही किया जावेगा एवं आवेदन निरस्त कर दिया जावेगा। जिसके लिए आवेदक स्वयं जिम्मेदार होगा।

18. शासकीय, अर्द्वशासकीय, स्वशासी संस्थानाओं में नियमित पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को अपने नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

19. आवेदक का रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है। पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करें।

20. **आवेदक जो पात्र नही होंगे :–**

i. जिन आवेदकों की 02 से अधिक संताने हों, जिसमें से 01 का जन्म 26.01.2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो, नियुक्ति के लिए पात्र नही होंगे।

ii. महिलाओं के लिए 18 वर्ष एवं पुरूषों के लिए 21 वर्ष से कम आयु में विवाह करने वाले उम्मीदवार नियुक्ति के लिए पात्र नही होंगे। ऐसे उम्मीदवार आवेदन न करें।

21. **नियुक्ति का तरीका** :– संविदा नियुक्ति हेतु राज्य/जिला स्तर के पदों हेतु राज्य के समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कर आवेदन पत्र आमंत्रित किया जावेगा।

i. प्राप्त आवेदन पत्रों की सूक्ष्म जांच की जाकर सभी पदों की पृथक–पृथक मेरिट सूची तैयार की जायेगी, जो स्वीकृत पदो के पांच गुना होगा।

ii. तैयार मेरिट सूची से सभी पदो के अभ्यार्थियों को मूल प्रमाण पत्रों की जांच एवं लिखित/प्रायोगिक परीक्षा/साक्षात्कार हेतु बुलाया जायेगा।

iii. मूल प्रमाण पत्रों की जांच/कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा/साक्षात्कार के उपरांत योग्य अभ्यार्थी की नियुक्ति का आदेश संबंधित अधिकारी द्वारा जारी किया जावेगा।

iv. चयनित अभ्यार्थियों के साथ अभ्यर्थियों की प्रतीक्षा सूची संविदा पदों पर कार्यभार ग्रहण करने वाले संख्या कम होने एवं कार्यभार ग्रहण करने पश्चात् पद त्याग की स्थिति को ध्यान में रखते हुए रखा जायेगा।

22. विज्ञापित पदों की संख्या घटाई या बढ़ाई जा सकती है।

23. आवेदक का आवेदन दिनांक 24.09.2016 को सायं 5.00 बजे तक पंजीकृत/स्पीड डाक से जिला पंचायत नारायणपुर को अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए।

24. प्राप्त आवेदनों के संबंध में अधोहस्ताक्षरकर्ता का निर्णय अंतिम एवं सर्व मान्य होगा।

26. नियुक्ति आदेश के पूर्व समस्त मूल प्रमाण पत्रों की जांच सही पाये जाने पर ही नियुक्ति आदेश प्रदान किया जावेगा।

27. नियुक्ति के पश्चात् जिला के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अयोग्य पाये जाने की स्थिति में नियुक्ति स्वतः निरस्त मानी जावेगी।

" कलेक्टर, जिला नारायणपुर द्वारा अनुमोदित "

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत नारायणपुर

E:VACENCEY/MGNREGA/VISHU/2016-17

कार्यालय जिला पंचायत नारायणपुर, जिला – नारायणपुर (छ0ग0)

:: आवेदन पत्र का प्रारूप ::–

जिस पद के लिए आवेदन किया जा है,

का पदनाम.....

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत नारायणपुर

1. आवेदक /आवेदिका का पूरा नाम (हिन्दी में) :.....
   (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) :.....
2. पिता/पति का नाम (हिन्दी में) :.....
   (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) :.....
3. लिंग (पुरूष/महिला) :.....
4. जन्म तिथि (अंको में) वर्ष.....माह.....दिन.....
   (शब्दों में) :.....
5. दिनांक 01.08.2016 को आयु :.....
6. जाति/वर्ग (अजजा/अजा/अपिव/अनारक्षित) :.....
7. शैक्षणिक योग्यता/तकनीकी दक्षता की जानकारी (पद के लिए न्यूनतम योग्यता की से शुरू करें)

क्रं.	उत्तीर्ण परीक्षा का नाम	बोर्ड/वि.वि/संस्था का नाम	उत्तीर्ण करने का वर्ष	पूर्णांक	प्राप्तांक	प्रतिशत	श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1							
2							
3							
4							
5							
6							
7							

8. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन का विवरण :.....

क) रोजगार कार्यालय का नाम :.....

ख) प्रथम पंजीयन कमांक व दिनांक :.....

ग) नवीनीकरण कराये जाने की तिथि :.....

घ) अगली नवीनीकरण कराए जाने की तिथि :.....

9. क्या आप छत्तीसगढ़ के मूल निवासी है :.....

10. जिले का नाम :.....

11. स्थायी पता :.....

:.....

:.....

:.....

12. पत्र व्यवहार का पूरा पता :.....

:.....

:.....

:.....

फोन / मोबाईल नम्बर :.....

13. कार्यानुभव (अनुभव प्रमाण पत्र व आदेश की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

क.	विभाग का नाम	पदनाम	अवधि

14. क्या आप विकलांग है। :.....

15. क्या उम्मीदवार विवाहित है (हां / नही) :.....

16. यदि विवाहित है तो विवाह का तिथि :.....

17. जीवित बच्चों की संख्या :.....

18. क्या आप आयु सीमा में छूट का दावा करते है यदि हां तो।

कितने वर्ष की :.....

संलग्न सत्यापित प्रमाण पत्रों की छायाप्रति की सूची :–

1..... 2.....

3..... 4.....

5..... 6.....

7..... 8.....

9..... 10.....

11..... 12.....

घोषणा पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषित करता /करती हूँ कि मेरे द्वारा प्रस्तुत सभी जानकारी पूर्णतः सत्य है, इनमें कोई जानकारी गलत/असत्य पाए जाने पर आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा तथा मेरे विरूद्व कानूनी कार्यवाही की जा सकेगी। इन परिस्थितियों में नियुक्तिकर्ता अधिकारी को बिना बताए मेरे आवेदन /चयन नियुक्ति को निरस्त करने का अधिकारी होगा एवं उसका निर्णय मुझे मोन्य होगा।

दिनांक –

स्थान –

आवेदक के हस्ताक्षर

(नाम एवं पूर्ण पता)